# निवेशक विकास गाथा का हिस्सा बनें : मोदी

दुबई एक्सपो

दुबई | मदन जैड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दुनिया के निवेशकों को भारत में निवेश के लिए आमंत्रित करते हुए कहा कि भारत आज दुनिया का सर्वाधिक पारदर्शी देश है जो सर्वाधिक वृद्धि के अवसर प्रदान करता है।

यहां आयोजित दुबई एक्सपो-2020 के दौरान भारतीय पवेलियन में एक वीडियो रिकार्डिंग संदेश के जरिए मोदी ने यह बात कही। इस मौके पर बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग मौजूद थे। अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा, भारत आज अवसरों की भूमि है, चाहे वह कला हो या वाणिज्य, उद्योग या शिक्षा। भारत प्रतिभा का महाशक्ति है। हमारा देश प्रौद्योगिकी, अनुसंधान और नवाचार की दुनिया में काफी प्रगति कर रहा है। हमारी आर्थिक वृद्धि विरासती उद्योगों और स्टार्टअप्स के संयोजन द्वारा संचालित है।

## संयुक्त अरब अमीरात के साथ संबंध और मजबूत होंगे

मोदी ने कहा कि भारत इस एक्सपो में सबसे बड़े पवेलियनों में से एक के साथ भाग ले रहा है। मुझे विश्वास है कि यह एक्सपो संयुक्त अरब अमीरात के साथ हमारे ऐतिहासिक संबंधों को और मजबूत करने में मददगार साबित होगा।

## यूएई से मुक्त व्यापार में कई संभावनाएं : पीयूष

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश में बढ़ोतरी होगी। इस समझौते से इस क्षेत्र में दोनों देशों में अपार संभावनाएं पैदा होंगी।

---

उन्होंने कहा कि आज का भारत दुनिया के सबसे खुले देशों में से एक है। यह सीखने, दृष्टिकोण नवाचार और निवेश के लिए खुला। यहां खोज करने, भागीदार बनने और प्रगति करने का अवसर है। भारत आएं और इन अवसरों का फायदा उठाएं। भारत आपको अधिकतम विकास भी प्रदान करता है।